संयम ◆संस्कार ◆संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

# शहर समता

वर्ष-20 अंक- 252
पृष्ठ 8
शनिवार
01 जून 2024
प्रातः संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य-1.00

प्रयागराज से प्रकाशित   Email : shaharsamta@gmail.com   Website : https://Shaharsamta.com

सम्पादक-उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- शरीर में प्रोटीन की कमी...   विचार- गांधी को फिल्म से जानने वाले   खेल- टी२० विश्व कप में भारतीय एकादश..

## गर्मी और लू से बचाव में न हो कोई चूक : योगी



- गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती
- हीटवेव से बचाव के लिए आमजन को किया जाय जागरूक
- अयोध्या, काशी, मथुरा समेत सभी धार्मिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान
- मौसम पूर्वानुमान का जारी हो दैनिक बुलेटिन

लखनऊ, एजेंसी। गर्मी और लू को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों का अलर्ट करते हुए कहा कि किसी स्तर पर चूक न होने पाये। लोगों को जागरूक किया जाए।किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।हीट वेब के चलते लोगों को दिक्कत हो रही है इसलिए सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी है कि जरूरी व्यवस्था की जाए। बिजली आपूर्ति चाहे शहर हो या गांव,बेवजह कटौती न की जाये। राहत आयुक्त स्तर से मौसम के पूर्वानुमान से भी आमजन को वाकिफ कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राणि उद्यानों,अभयारण्यों में हीट–वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन हो। गोशालाओं में पशुधन के चारे और पानी की उचित व्यवस्था रहे। बीमारी की स्थिति में हर किसी को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराएं। कुछ दिनों से प्रदेश में भीषण गर्मी–लू का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान बढ़ रहा है।ऐसी स्थिति में आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी किया जाए। तेज गर्मी,लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जरूरत हो तो अतरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने,तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजार में,मुख्य मार्गों पर जगह–जगह पेयजल की व्यवस्था हो। सामाजिक धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। पेयजल का अभाव कहीं भी न हो। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ा मंगल के दृष्टिगत लखनऊ में साफ–सफाई, ट्रैफिक व अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से होना सुनिश्चित कराएं। भीषण गर्मी के बीच पशुधन और वन्य जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी प्राणि उद्यानों,अभयारण्यों में हीट–वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पशुपालक कृषकों को हीट वेव की स्थिति में सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम हों। गोशालाओं में पशुधन की हरे चारे–चोकर और पानी की उचित व्यवस्था हो। बरसात पूर्व पशुओं के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया जारी रखें। हीटवेव यानि लू के लक्षणों और उससे बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया जाए। बीमारी की स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराएं। अस्पतालों,मेडिकल कॉलेजों में हीट–वेव से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज किया जाए।शहरों में पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए, सभी हैंडपम्प को क्रियाशील रखा जाए, ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ का संचालन एक पुनीत कार्य, गोवंश, श्वान आदि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी एवं छाया की व्यवस्था की जानी चाहिए। पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी एवं दाना रखने के लिए आम जन को करें जागरूक करें।

## भारत के कई हिस्सों में लू चलने से 54 लोगों की मौत

### दिल्ली और आसपास के इलाकों में धूल भरी आंधी की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी। मध्य, पूर्वी और उत्तरी भारत में भीषण गर्मी के लगातार जारी रहने से कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई और दिल्ली सहित कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। 31 मई से 1 जून के बीच उत्तर प्रदेश में और 31 मई को हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में धूल भरी आंधी चलने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 31 मई से 2 जून के बीच उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ बहुत हल्की/हल्की बारिश की भविष्यवाणी की गई थी। गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में



79 साल का उच्चतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने के एक दिन बाद ऐसा हुआ। बिहार में लू से 32 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से 17 औरंगाबाद में, छह आरा में, तीन–तीन गया और रोहतास में, दो बक्सर में और एक पटना में हुई। ओडिशा के राउरकेला में 10 लोगों की मौत हो गई। झारखंड के पलामू और राजस्थान में पांच–पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक की मौत हो गई। इससे पहले बिहार के दरभंगा के रहने वाले 40 साल के एक शख्स की दिल्ली में लू लगने से मौत हो गई थी. उनके शरीर का तापमान सामान्य से लगभग 10 डिग्री अधिक 108 डिग्री फ़ारेनहाइट तक बढ़ने के बाद कई अंगों की विफलता के कारण उनकी मृत्यु हो गई। आईएमडी ने कहा कि गुरुवार को राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली के कई हिस्सों, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ के अलग–अलग इलाकों में अधिकतम तापमान 45–48 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

## चार धाम यात्रा पर वीआईपी दर्शन पर लगी रोक, सरकार ने इस कारण लिया बड़ा फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। चारधाम की यात्रा को लेकर हिन्दू धर्म में मान्यता बेहद अहम है। इस वर्ष चार धाम की यात्रा 10 मई से शुरु हो चुकी है। इस यात्रा को लेकर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में वीआईपी दर्शन करने वालों की भी लंबी कतारें देखने को मिल रही है। वहीं भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने बड़ा फैसला किया है। उत्तराखंड सरकार ने भीड़ के मद्देनजर वीआईपी दर्शन पर कुछ दिनों के लिए रोक लगा दी है। ये रोक आगामी 10 जून तक के लिए लगाई गई है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में एक पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को सूचित किया गया है। राज्य में आने वाले सभी भक्तों को रजिस्ट्रेशन की जानकारी के संबंध में जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी वॉलंटियर्स के सहयोग से चार धाम यात्रा राज्य में सुचारु रूप से चल रही है। चारधाम यात्रा के प्रबंधन में इससे काफी मदद मिली है। मुख्य सचिव ने भी अनुरोध किया है कि मंदिरों में श्रद्धालु भारी संख्या में उमड़ रहे है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए आगामी 10 जून तक वीआईपी दर्शनों पर रोक लगाई गई है।

## फोन टैपिंग मामले की जांच की मांग को लेकर भाजपा का धरना

हैदराबाद, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने फोन टैपिंग मामले की व्यापक जांच कराये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां इंदिरा पार्क में धरना दिया। धरने में भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मण, विधायकों सहित भाजपा के तमाम नेताओं ने भाग लिया। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि असली दोषियों को पकड़ने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं इसलिए राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए इस मामले को तुरंत केंद्रीय जांच ब्यूरो



(सीबीआई) को सौंप दे। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि जांच से पता चला है कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव फोन टैपिंग विवाद के पीछे मुख्य सरगना हैं। उन्होंने अब तक कोई महत्वपूर्ण कार्रवाई न करने के लिए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। डॉ. लक्ष्मण ने कहा कि जांच के दौरान कई सनसनीखेज विवरण सामने आए हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार ऐसे काम कर रही है, जैसे मामले को नजरअंदाज किया जा रहा हो। उन्होंने सवाल उठाया कि इन खुलासों के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है, खासकर तब जब मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पहले ही कहा था कि अगर कोई गलत काम करेगा, तो वह उसे जेल भेज देंगे। उन्होंने कालेश्वरम परियोजना घोटाले और लोक सेवा आयोग के प्रश्नपत्र लीक पर भी चिंता जताई और कहा कि पुलिस अधिकारियों और केसीआर की संलिप्तता से फोन टैपिंग की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों और न्यायाधीशों के फोन भी राजनीतिक उद्देश्यों के लिए टैप किए जा रहे हैं।

### महंगाई और बेरोजगारी बड़ा मुद्दा, खड़गे बोले–

## इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी देश की जनता

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बार महंगाई और बेरोजगारी बड़ा मुद्दा रहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जनता पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वह (पीएम मोदी) कुछ भी कहें, देश की जनता ने तय कर लिया है कि वे पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेंगे। इस चुनाव में महंगाई और बेरोजगारी काम आई है। लोगों के मन में संविधान और लोकतंत्र का मुद्दा भी है। दक्षिण को लेकर उन्होंने कहा कि आंध्र में, उन्हें (भाजपा को) कुछ (सीटें) मिलेंगी लेकिन तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र में...कांग्रेस को फायदा है। खड़गे ने कहा कि यूपी में भी गठबंधन से हमें ज्यादा सीटें मिलेंगी। मुझे लगता है कि गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कई लोग समझ गए हैं कि वे (भाजपा) आरक्षण कैसे खत्म कर रहे हैं।' अगर



उनकी मंशा अच्छी होती तो वे केंद्र सरकार में 30 लाख रिक्तियां भर देते और आधे से ज्यादा गरीबों, दलितों और पिछड़ों को मिल जातींजब तक इस देश में छुआछूत है और उन्हें (आरक्षित श्रेणियों के लोगों को) समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक आरक्षण रहेगा। खड़गे ने कहा कि देश की जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी और इंडिया गठबंधन नयी सरकार का गठन करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने विपक्ष एवं कांग्रेस की इस बात पर मुहर लगा दी है कि अगर मोदी सरकार फिर से आई तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ने बांटने की कोशिश की लेकिन लोगों ने असली मुद्दों को चुना। उनका कहना था, हमें विश्वास है कि जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी और इंडिया गठबंधन नयी सरकार बनाएगा। उन्होंने महात्मा गांधी के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि या तो प्रधानमंत्री अनजान है या फिर उन्होंने पढ़ा नहीं है।

## सोशल मीडिया पर मतदाता जागरूकता में राजस्थान देशभर में अव्वल रहा


जयपुर, एजेंसी। आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर मतदाता जागरूकता में राजस्थान देश में अव्वल रहा और उसने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सोशल मीडिया रैंकिंग में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में विभिन्न सोशल मीडिया मंच ('एक्स', इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब) पर मतदाता जागरूकता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग जारी गई है। आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। सीईओ राजस्थान के 'एक्स', इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर पोस्ट की गई सामग्री को अप्रैल माह में करीब 11 लाख बार देखा गया।

## देश को तानाशाही से बचाने के लिए जा रहा जेल : केजरीवाल

नयी दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि देश को तानाशाही से बचाने के लिए वह जेल जा रहे हैं। श्री केजरीवाल ने अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने से पहले आज दिल्लीवासियों को भावुक संदेश दिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए 21 दिन की मोहलत देने के लिए



उच्चतम न्यायालय का धन्यवाद किया और दिल्लीवालों से कहा कि वह दो जून को दोपहर तीन बजे आत्मसमर्पण करने के लिए घर से निकलेंगे। उन्होंने दिल्लीवासियों को चिंता नहीं करने की सलाह देते हुए कहा, "चाहे जहां रहूं, लेकिन आपकी 24 घंटे व मुफ़्त बिजली, इलाज, महिलाओं की बस यात्रा समेत सारे काम चलते रहेंगे। हमें तोड़ने–झुकाने की खूब कोशिश की, पर सफल नहीं हुए। मुझे फक्र है कि देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। आपने हर मुश्किल वक्त में एक परिवार की तरह मेरा साथ दिया है।" उन्होंने कहा, "जेल में 50 दिन रहा। इन दिनों में छह किलो वजन कम हो गया। जेल से छूटने के बाद भी मेरा वजन नहीं बढ़ रहा है। डाक्टरों का कहना है कि यह शरीर में किसी बड़ी बीमारी का भी संकेत हो सकता है। कई टेस्ट करवाने की जरूरत है। हो सकता है कि ये इस बार मुझे और ज्यादा प्रताड़ित करें, लेकिन मैं झुकुंगा नहीं।"




राजस्थान का एक शहर कोटा जहां प्रतिवर्ष देश भर से लाखों विद्यार्थी अपने सपनो की मंजिल की तलाश में आते हैं। यहां आई आई टी प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने आये चार किशोरों को केंद्र बिंदु बनाकर मैंने "कोटा फीवर" उपन्यास लिखा है। इस उपन्यास के बारे में पद्मश्री कवि और लेखक सुरेंद्र शर्मा जी लिखते हैं कि यह उपन्यास संकल्प,साहस,समर्पण तथा सिद्धि की गाथा है। इसमे पाठक कस्बाई जीवन की विवशता,माता–पिता की संतान के प्रति अपेक्षाएं,छात्र जीवन की बेतकल्लुफ जीवन शैली की झलक देखने के साथ किशोर मन की हिलोरें मार रही प्रेम तरंगों के भी गवाह बनते हैं।

उपन्यास शीघ्र ही अमेजन पर उपलब्ध होगा इसके अतिरिक्त पाठक प्रकाशन से भी इसे सीधे मंगा सकते हैं।






# मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में फैसला सुरक्षित

## मुस्लिम पक्ष ने कहा– मामला सुनने योग्य नहीं, हिंदू पक्ष बोला– नियमों के खिलाफ दी गई जमीन





प्रयागराज श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवाद मामले में दायर 18 याचिकाओं पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज सुनवाई पूरी की। जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। गर्मी की छुट्टियों के बाद कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है। जिसमें तय हो जाएगा कि हिंदू पक्ष की ओर से दायर 18 याचिका सुनने योग्य है या नहीं। हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल 18 याचिकाओं को शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने हाईकोर्ट में ऑर्डर 7, रूल 11 के तहत चुनौती दी। शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने बहस के दौरान कहा– मथुरा कोर्ट में दाखिल याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। मामला पूजा स्थल अधिनियम 1991 और वक्फ एक्ट के साथ लिमिटेशन एक्ट से बाधित है। इसलिए इस मामले में कोई भी याचिका न तो दाखिल की जा सकती है और न ही उसे सुना जा सकता है। हिंदू पक्ष की तरफ से कहा गया– इस मामले पर न तो पूजा स्थल अधिनियम का कानून और न ही वक्फ बोर्ड कानून लागू होता है। शाही ईदगाह परिसर जिस जगह मौजूद है वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि की जमीन है। समझौते के तहत मंदिर की जमीन को शाही ईदगाह कमेटी को दी गई है। जो नियमों के खिलाफ है।

### हिंदू पक्षकारों के तर्क

- ढाई एकड़ में बना शाही ईदगाह कोई मस्जिद नहीं है।
- ईदगाह में केवल साल भर में 2 बार नमाज पढ़ी जाती है।
- ईदगाह का पूरा ढाई एकड़ का एरिया भगवान का गर्भगृह है।
- सियासी षड्यंत्र के तहत ईदगाह का निर्माण कराया गया था।
- प्रतिवादी के पास कोई ऐसा रिकॉर्ड नहीं है।
- सीपीसी के आदेश–7, नियम–11 इस याचिका में लागू नहीं होता है।
- मंदिर तोड़कर मस्जिद का अवैध निर्माण किया गया है।
- जमीन का स्वामित्व कटरा केशव देव का है।
- बिना स्वामित्व अधिकार के वक्फ बोर्ड ने बिना किसी वैध प्रक्रिया के वक्फ संपत्ति घोषित कर दी।
- भवन पुरातत्व विभाग से संरक्षित घोषित है।
- एएसआई ने नजूल भूमि माना है। इसे वक्फ संपत्ति नहीं कह सकते।

### मुस्लिम पक्षकारों की दलीलें

- समझौता 1968 का है। 60 साल बाद समझौते को गलत बताना ठीक नहीं। मुकदमा चलने लायक नहीं।
- प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के तहत मुकदमा आगे ले जाने के काबिल नहीं है।
- 15 अगस्त 1947 वाले नियम के तहत जो धार्मिक स्थल जैसा है वैसा रहे, उसकी प्रकृति नहीं बदल सकते।
- लिमिटेशन एक्ट, वक्फ अधिनियम के तहत इस मामले को देखा जाए।
- वक्फ ट्रिब्युनल में सुनवाई हो, यह सिविल कोर्ट में सुना जाने वाला मामला नहीं।
- ईदगाह मस्जिद साल 1670 में औरंगजेब ने बनवाई थी। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि मस्जिद को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बनाया गया है। उन्होंने इसे वहां से हटाने की मांग की है।
- ईदगाह मस्जिद साल 1670 में औरंगजेब ने बनवाई थी। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि मस्जिद को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बनाया गया है। उन्होंने इसे वहां से हटाने की मांग की है।

पिछली सुनवाई में क्या हुआ था

5 घंटे तक सुनवाई चली। इस दौरान शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा। वकीलों ने मांग किया कि मथुरा कोर्ट में दाखिल वाद को खारिज किया जाए। हिंदू पक्षकारों के वकीलों ने इसका विरोध किया। अदालत ने फिर 30 मई को सुनवाई का आदेश दिया था।

हिंदू पक्ष ने कई याचिका पर बहस पूरी की थी

30 मई को हुई सुनवाई में हिंदू पक्ष ने अपनी बहस पूरी की थी। इसके बाद आज मुस्लिम पक्ष ने अपनी दलील पेश की। अभी तक की सुनवाई में हिंदू पक्ष मामले को राम जन्मभूमि की तर्ज कर सुनवाई आगे बढ़ाने की मांग कर रहा है। जबकि मुस्लिम पक्षकारों का कहना है कि मामले में आगे की सुनवाई न हो। मुस्लिम पक्ष मुकदमे की पोषणीयता, प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991, लिमिटेशन एक्ट, वक्फ अधिनियम आदि बिंदुओं पर अपनी बात रखी।

## प्रयागराज में लखनऊ के डॉक्टरों पर धोखाधड़ी का केस

प्रयागराज। प्रयागराज के कर्नलगंज थाने में मेदांता अस्पताल लखनऊ के डॉ. संदीप मिश्रा, डॉ. राकेश सेंगर, अजय प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। एफआईआर म्योर रोड कर्नलगंज की रहने वाली डॉ. गरिमा दुबे ने दर्ज कराई है। मामला रुपये हड़पने का है। महिला डॉक्टर का आरोप है कि रुपये हड़पने के बाद उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। डॉ. गरिमा दुबे ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि डॉ.संदीप मिश्रा निवासी राजाजीपुरम लखनऊ वर्तमान में मेदांता अस्पताल लखनऊ में कार्यरत हैं। गरिमा का कहना है कि डॉ. संदीप ने उनसे बताया था कि एक स्कीम में पैसा लगाने पर दोगुना मुनाफा मिलेगा। महिला डॉक्टर का कहना है कि उन्होंने 40 लाख रुपये लगा दिए। उन लोगों ने इसका मुनाफा दिया।



मुनाफा देने के बाद बिगड़ा खेल : इसके बाद अगस्त 2022 में संदीप के कहने पर राकेश सेंगर को दस लाख रुपये नकद दे दिए। यह बताया गया कि रकम स्कीम संचालक अजय प्रताप सिंह को दे दी जाएगी। छह अक्तूबर को पुनरू गरिमा ने दस लाख रुपये इस आश्वासन पर दिया कि दिसंबर 2022 में पूरी रकम मुनाफे के साथ वापस कर दी जाएगी। इसके बाद मामला पलटने लगा। तय समय पर मुनाफे की रकम और मूल दोनों नहीं दिए गए तो गरिमा ने दबाव बनाया। इस पर अजय ने धमकी दी और फोन पर बातचीत बंद कर दी। इसके बाद महिला डॉक्टर ने संदीप से बात की, तो कुछ रुपये संदीप ने लौटाए। तब से अब तक रुपये नहीं लौटाए गए। डॉ. गरिमा का कहना है कि संदीप से मामले की शिकायत पुलिस में करने की बात कही तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। अधिकारियों ने मामले की जांच कराने के बाद गुरुवार को कर्नलगंज थाने में केस दर्ज करा दिया।

## प्रयागराज में गर्मी से किसान की मौत

फूलपुर, प्रयागराज। प्रयागराज में गुरुवार को मां का दाह संस्कार करके घर लौटे बेटे की गर्मी से मौत हो गई। एक ही दिन मां और बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा है। घर की मुखिया की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। मामला उतरांव थाना क्षेत्र के सिठौली बाजार का है। यहां का रहने वाला नन्हेंलाल बिंद खेती किसानी के अलावा मजदूरी कर जीवन यापन करता था। सुबह उसकी 85 वर्षीय माता बिलासी देवी की मौत हो गई थी। नन्हें लाल बिंद ने मां के शव लीलापुर घाट पर ले गया। जहां दोपहर में गंगा के किनारे दफन किया गया। गर्मी की वजह से नन्हेंलाल बिंद की तबीयत बिगड़ गई थी। गुरुवार देर शाम को वह जैसे ही घर पहुंचा। थोड़ी ही देर में जान निकल गई। नन्हेंलाल बिंद घर का मुखिया था। उनकी मौत से घर में कोहराम मच गया। बीवी बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। रात में ही परिजनों उनका भी शव लीलापुर घाट पर ले जाकर दफन कर दिया।



गांव में सन्नाटा पसरा : नन्हें लाल के तीन बेटे और एक बेटी हैं। घर में एक ही दिन दो लोगों की मौत ने घर वालों को झकझोर कर रख दिया है। घर की मुखिया की मौत से घर में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही गांव में सन्नाटा पसरा है।

## प्रयागराज में करंट से युवक की मौत

फूलपुर, प्रयागराज। प्रयागराज में भीषण गर्मी का कहर जारी है। गर्मी से निजात पाने के लिए पंखा ठीक कर रहा युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया है। फूलपुर कोतवाली के इफ्को पुलिस चौकी क्षेत्र के भरौटी–हैबतपुर की है। यहां का रहने वाले ऋषभ यादव उर्फ अंकुर (24) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। रात में उसके कमरे में लगा छत का पंखा खराब हो गया। वह पंखे की मरम्मत करने लगा।

## प्रयागराज में डबल ब्रेकर के पास गिरकर युवक की मौत

फूलपुर, प्रयागराज। प्रयागराज में स्कूल के सामने बने डबल ब्रेकर से कई राहगीर चोटिल हो गए और कई ने अपनी जान गंवा दी। देरशाम पिंटू वनवासी किसी काम से जंघई की तरफ जा रहा था। सरायममरेज थाना क्षेत्र के चंपापुर में स्कूल के सामने बने डबल ब्रेकर से गिरकर बाइक सवार घायल हो गया। सरायममरेज पुलिस ने घायल को प्रतापपुर सीएचसी भेज दिया। युवक की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत से नाराज परिजनों ने अनुवा रोड को जामकर कर दिया। सरायममरेज पुलिस के साथ पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार एवं जेई भी पीड़ित परिजनों को समझाते रहे, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए।



परिजनों ने किया हंगामा : जिम्मेदार अधिकारी अपना पल्ला झाड़ते हुए मामले में लीपा पोती करने में लगे रहे। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग को लेकर जमकर किया हंगामा।

## प्रयागराज में सरेआम फायरिंग करने वाला अरेस्ट

प्रयागराज। प्रयागराज में जार्जटाउन के हाशिमपुर रोड इलाके में सड़क पर फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। झगड़े के बाद सड़क पर तमंचे से फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की शिनाख्त की और उसे दबोच लिया। जार्जटाउन पुलिस ने राज उर्फ छोटू उर्फ रोमियो निवासी संजय नगर अल्लापुर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो कारतूस बरामद हुए। नामजद आरोपी रितिक भारतीया, रजत, अजय, भोला, राहुल की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। बुधवार रात फोटो खींचने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। थाना प्रभारी जार्जटाउन राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि अभिषेक भारती नामक युवक फोटो खींच रहा था। राज ने मना किया तो विवाद हो गया। इसके बाद मारपीट हुई। किसी ने पूरा वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद जांच शुरू हुई तो आरोपी छोटू की सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो से पहचान हुई। फुटेज में वह सबसे पहले मारपीट करते हुए दिखा है। पकड़े गए आरोपी पर कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। मामले में 7 सीएलए की धारा बढ़ाकर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।



## प्रयागराज में सड़क किनारे बेहोश मिला हाथरस का युवक

प्रयागराज। प्रयागराज के अटाला इलाके में शुक्रवार दोपहर हाथरस के रहने वाले आशीष सिंह को संदिग्ध हालत में सड़क किनारे बेहोश पाया गया। अटाला में माली पार्क के पास आशीष को सड़क किनारे पड़ा देख लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो 112 की टीम ने पहुंच उसे कॉल्विन अस्पताल में भी कराया। आशीष सिंह के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। आशीष सिंह हाथरस के रहने वाले देवेंद्र सिंह का बेटा है। उसकी उम्र 28 साल के करीब है। खुल्दाबाद पुलिस ने आशीष के घरवालों से संपर्क कर उन्हें जानकारी दी है।



# हेड कॉन्स्टेबलों और ड्राइवरों का प्रमोशन क्यों नहीं

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी, पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष से मांगा जवाब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी में तैनात हेड कांस्टेबल ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस को दरोगा के पद पर पदोन्नति न देने के सम्बन्ध में यूपी पुलिस के आलाधिकारियों से जवाब तलब किया है। इलाहाबाद, आगरा, कानपुर नगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुजफ्फरनगर, बरेली, वाराणसी गोरखपुर, बांदा, मिर्जापुर व कई अन्य जिलों में तैनात सैकड़ों मुख्य आरक्षी ड्राइवरों एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस ने अलग–अलग ग्रुप वाइज इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समानता के अधिकार के तहत उप–निरीक्षक ड्राइवर व उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति देने की मांग की है। उक्त प्रकरण में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने उप्र पुलिस विभाग के प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी उ प्र, पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष, डीआईजी स्थापना ध् कार्मिक तथा एडीजी लॉजिस्टिक उप्र से आठ सप्ताह में जवाब तलब किया है। पूछा है कि याचीगणों को अभी तक उपनिरीक्षक के पद पदोन्नति क्यों नहीं प्रदान की गई जबकि याचीगणों से जूनियर बैच के आरक्षीगण सिविल पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर चुकें है।

1984 से 1990 बैच तक के आरक्षियों के प्रमोशन का मामला




याचीगणों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम का कोर्ट में तर्क था कि सभी याचीगण वर्ष 1984 से वर्ष 1990 के बीच आरक्षी के पद पर पीएसी में भर्ती हुए थे। बाद में याचीगणों को पीएसी से सशस्त्र पुलिस में वर्ष 2000 – 2002 में तबादला कर दिया गया। तत्पश्चात याचीगणों ने ड्राइवर का कोर्स किया एवं याचीगणों को आरक्षी चालक के पद पर पोस्टिंग प्रदान की गयी। सभी याचीगणों को वर्ष 2017–2018 में मुख्य आरक्षी ड्राइवर के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई। याचीगणों का कहना था कि उनसे सैकड़ों जूनियर आरक्षी 1991 बैच तक के उपनिरीक्षक के पद पर सिविल पुलिस में पदोन्नति प्राप्त कर चुकें है। जबकि याचीगण 1984 से 1990 बैच तक के आरक्षी है, परन्तु उन्हें उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति नहीं प्रदान की गयी है, जो कि समानता के अधिकार के विरूद्ध है। याचीगणों का कहना था कि मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक मोटर परिवाहन के पद पर शत–प्रतिशत रिक्तियां अनुपयुक्तो को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा ऐसे मुख्य आरक्षी परिवाहन में से भरी जायेंगी। जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को 3 वर्ष की सेवाएं पूर्ण कर ली है एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिसध् सिविल पुलिस से उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस ध् सिविल पुलिस के पद पर भर्ती के लिए मुख्य आरक्षी के पद पर 3 वर्ष की सेवायें पूर्ण होनी चाहिए। कहा गया था कि पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़कर की जाने की प्रक्रिया है। याचीगणों की ओर से कहा गया है कि उ०प्र० के गृह सचिव लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 30 अक्टूबर 2015, 18 अक्टूबर 2016 एवं 12 मार्च 2016 के तहत आरक्षी सशस्त्र पुलिस के कुल स्वीकृत पदों को आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो के साथ पुलिस विभाग में आरक्षी पुलिस के पद में समाहित कर दिया गया है। आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं आरक्षी नागरिक पुलिस को एक ही संवर्ग (आरक्षी उ० प्र० संवर्ग के रूप में माना जायेगा)। हाईकोर्ट ने भी सुनील कुमार चौहान व अन्य के केस में कानून की यह व्यवस्था प्रतिपादित कर दी है कि पीएसी, सिविल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस एक ही संवर्ग ध् कैडर की शाखाएं है एवं सभी को एक ही संवर्ग में माना जायेगा। सभी याचीगण या तो एसपीध् एसएसपी ध् डीआईजीध्आईजी ध् एडीजी व अन्य पुलिस के आलाधिकारियों की गाड़ी चला रहे है या सशस्त्र पुलिस के मुख्य आरक्षी माननीयों की सुरक्षा में तैनात है।

# हर साल 9 लाख लोगों की जान ले रहा तंबाकू

## प्रयागराज की कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनिया तिवारी ने बताया कि लड़कियां भी ई–सिगरेट की लती

प्रयागराज। तंबाकू किसी स्वीट पॉइजन से कम नहीं है। जोकि धीरे–धीरे लोगों की जान ले रहा है। कमला नेहरू कैंसर हॉस्पिटल की वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनिया तिवारी का कहना है कि तंबाकू भारत में हर साल 9 लाख लोगों की जान ले रहा है। इसके बावजूद सिगरेट, बीड़ी और खैनी खाने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। आज (31 मई) विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। वह कहती हैं कि तंबाकू यानी सिगरेट का सेवन सिर्फ बड़े–बुजुर्ग ही नहीं बल्कि युवा और खासकर लड़कियां भी कर रही हैं। इन दिनों शहर में ई–सिगरेट का प्रचलन बढ़ रहा है जिसकी लत में युवा फंसता जा रहा है। यह ई–सिगरेट भी बहुत हानिकारक होता है क्योंकि इसमें नीकोटीन होता है। लड़कियां शौकियां इसका सेवन कर रही हैं लेकिन वह कितना भयावह है इसका अंदाजा तक नहीं है।




फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 25: मौतों के लिए तंबाकू कारण

डॉ. सोनिया कहती हैं कि तंबाकू का सेवन कैंसर जैसी कई जानलेवा बीमारियों को जन्म देने में प्रमुख कारक हैं। गर्भवती महिलाएओं के घर में यदि कोई तंबाकू का सेवन करते हैं उससे उनपर असर पर पड़ता है। जो बच्चा पैदा होते हैं उनमें भी कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। भारत में प्रतिवर्ष करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत सेकेंड हैंड स्मोकिंग की वजह से हो जाती है। यानी वह खुद तो स्मोकिंग नहीं करते हैं लेकिन दूसरों की स्मोकिंग के चलते वह प्रभावित हो जाते हैं। जैसे घर में या ऑफिस में कोई लगातार स्मोकिंग करता है तो उस धुएं का असर बगल में बैठे लोगों को भी पड़ता है जिससे वह भी प्रभावित हो जाता है। दरअसल, यह तंबाकू एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को मौत की मुंह की तरफ धकेलता है।

14 से 20 वर्ष की युवा तंबाकू की लत में

डॉ. सोनिया तिवारी कहती हैं कि यह बहुत चौंकाने वाला मामला है। तंबाकू लेने वालों में सबसे ज्यादा संख्या 14 से 20 वर्ष तक के युवाओं की है। इस उम्र के करीब 1.5 मिलियन युवा किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। भारत में 14 से 20 वर्ष के युवाओं में तंबाकू का उपयोग करने वालों में लड़कों की संख्या ज्यादा है लेकिन लड़कियां भी इसमें पीछे नहीं हैं। कंपनियां युवाओं को तंबाकू की ओर आकर्षित करने के लिए अलग अलग प्रयास करती हैं। इसमें ई–सिगरेट, पाउच आदि शामिल हैं, लेकिन युवा यह नहीं समझना चाहते हैं कि यह भी कम नुकसानदायक नहीं है।


### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन एवं फेरों में वृद्धि

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन एवं फेरों में वृद्धि का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

गाड़ी सं. 05295/05296 मुज़फ़्फ़रपुर जं.-सिकंदराबाद-मुज़फ़्फ़रपुर जं. साप्ताहिक एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

| 05295 मुज़फ़्फ़रपुर जं.-सिकंदराबाद | | | 05296 सिकंदराबाद-मुज़फ़्फ़रपुर जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 13:00 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:00 | — |
| 21:05 | 21:10 | प्रयागराज छिवकी | 11:40 | 11:45 |
| 23:30 | 23:32 | मानिकपुर | 09:20 | 09:22 |
| 22:00 | — | सिकंदराबाद | — | 10:00 |

- मुज़फ़्फ़रपुर से : गाड़ी सं. 05295, दिनांक 01.06.2024 (शनिवार)
- सिकंदराबाद से : गाड़ी सं. 05296, दिनांक 03.06.2024 (सोमवार)
- गाड़ी संरचनाः एसएलआर-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-11, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-04

गाड़ी सं. 03243/03244 पटना जं.-मंगलुरु सेन्ट्रल-पटना जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

| 03243 पटना जं.-मंगलुरु सेन्ट्रल | | | 03244 मंगलुरु सेन्ट्रल-पटना जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 22:30 | पटना जं. | 05:30 | — |
| 06:00 | 06:05 | प्रयागराज छिवकी | 22:00 | 22:05 |
| 07:00 | — | मंगलुरु सेन्ट्रल | — | 20:00 |

- पटना जं. से : गाड़ी सं. 03243, दिनांक 01.06.2024 (शनिवार)
- मंगलुरु से : गाड़ी सं. 03244, दिनांक 04.06.2024 (मंगलवार)
- गाड़ी संरचनाः एसएलआर/डी-02, सामान्य श्रेणी-12, स्लीपर श्रेणी-06

गाड़ी सं. 05325/05326 गोरखपुर जं.-लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन

| गाड़ी सं. | कहाँ से कहाँ तक | पूर्व में निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 05325 | गोरखपुर जं.-लोकमान्य तिलक (ट.) | 31.05.2024 | 01.06.2024 से 08.06.2024 |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर जं. | 02.06.2024 | 03.06.2024 से 10.06.2024 |

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 952/24(P)

@CPRONCR North central railways @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

# फिल्म 'किंग' को लेकर आया बड़ा अपडेट, शाहरुख खान के साथ लाडली सुहाना खान भी होंगी साथ!



> पिछले साल शाह रुख खान ने 'पठान', 'जवान' और उसके बाद 'डंकी' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इन मूवी के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए काम से ब्रेक ले लिया। अब फैंस उनकी नई मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसी खबरें आईं कि वह जल्द ही अपनी बेटी और एक्ट्रेस सुहाना खान के साथ 'किंग' में काम करने वाले हैं।

शाहरुख खान फिल्म किंग को लेकर सुर्खियों में बने हुई है वहीं इस से जुड़ी खबरें आती रहीं कि ये एक आइकॉनिक हॉलीवुड फिल्म का रीमेक है और इसमें जबरदस्त एक्शन होने वाला है लेकिन मेकर्स या शाहरुख की तरफ से फिल्म अभी तक अनाउंस नहीं की गई है अब सोशल मीडिया पर अभिनेता का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फैंस को इस मूवी से जुड़ा हिंट मिला है। पिछले साल शाह रुख खान ने 'पठान', 'जवान' और उसके बाद 'डंकी' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इन मूवी के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए काम से ब्रेक ले लिया। अब फैंस उनकी नई मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसी खबरें आईं कि वह जल्द ही अपनी बेटी और एक्ट्रेस सुहाना खान के साथ 'किंग' में काम करने वाले हैं। हालांकि, इस फिल्म को लेकर अभी तक कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की गई है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शाहरुख खान के फैन क्लब ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 'बादशाह' अपनी फिल्म 'अशोका' के डायरेक्टर संतोष सिवन की तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, संतोष को इस बार 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में सिनेमैटोग्राफी के लिए प्रतिष्ठित पियरे एंजेन्यू एक्सेललेंस से सम्मानित किया गया था। इस वीडियो में शाह रुख खान के कुछ फैंस को 'किंग' की स्क्रिप्ट दिखाई दे गई, जो उनकी पास वाली टेबल पर रखी थी। इसे देखने के बाद एक यूजर ने लिखा कि भाई किंग की स्क्रिप्ट तैयार है। दूसरे ने लिखा कि किंग के लिए तैयार।



## मां से प्रेरणा लेकर अरनमनई 4 में निभाया सेल्वी का किरदार : तमन्ना भाटिया

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, राशि खन्ना स्टारर तमिल कॉमेडी हॉरर फिल्म अरनमनई 4 हिंदी भाषा में रिलीज होने को तैयार है। इस बीच तमन्ना और राशि ने निर्देशक सुंदर सी. के साथ मुंबई में अपनी फिल्म के बारे में मीडिया से बातचीत की और अपना अनुभव साझा किया। तमन्ना भाटिया ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की और बताया कि उन्हें लगा कि वह सेल्वी का किरदार नहीं निभा सकती, क्योंकि उनमें मां वाली बात नहीं है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए तमन्ना ने कहा, उन्होंने मुझे जो किरदार दिया, मुझे ईमानदारी से लगा कि मैं उसे नहीं निभा सकती। मैं अपने घर में अभी भी बच्ची हूं। मुझे लगता है कि मेरे अंदर मां वाली बात नहीं है, इसलिए घर में मुझे एक बच्चे की तरह माना जाता है। तमन्ना ने कहा, जब डायरेक्टर ने मुझे कहानी सुनाई और बताया कि आप एक ऐसी मां का किरदार निभा रही हैं जो एक रक्षक है, तो मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक महिला के हर पहलू को जानने और निभाने का मौका है। यह मेरे लिए काफी इमोशनल था। उन्होंने आगे बताया कि सेल्वी की भूमिका निभाने के लिए उन्होंने अपनी मां से प्रेरणा ली। उन्होंने कहा, मैंने किरदार को निभाने के लिए अपनी मां से प्रेरणा ली। घर पर मुझे बहुत लाड़–प्यार मिलता है। इसलिए मैंने अपने किरदार सेल्वी को निभाने के लिए उन सभी फीलिंग्स का सहारा लिया। तमन्ना को भोला शंकर, बांद्रा और जेलर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। सुंदर सी. द्वारा निर्देशित अरनमनई 4 में संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला और वी.टी.वी. गणेश जैसे कलाकार हैं। इसे खुशबू सुंदर ने अवनी सिनेमैक्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में हिंदी में रिलीज होगी। तमन्ना के पास वेदा, स्त्री 2 और ओडेला 2 भी पाइपलाइन में हैं।

# पंचायत 3 का यह सीन देख दिल्ली पुलिस ने की सचिव जी की जमकर तारीफ




पंचायत 3 जितेन्द्र कुमार और नीना गुप्ता की सीरीज (पंचायत 3) 28 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। इस वेब सीरीज को देखने के बाद दर्शक फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे है। दर्शकों के बाद अब हाल ही में दिल्ली पुलिस ने भी पंचायत 3 के एक सीन को देखकर सचिव जी की खूब तारीफ की।पंचायत का सीजन 3 अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुका है। और इस बार जितेन्द्र कुमार और नीना गुप्ता स्टारर पंचायत 3 लोगों को फुरेला गांव में होने वाली 'पंचायत' की राजनीति का एक कड़वा सच बताते हुए नजर आ रहे हैं। पंचायत 3 में दिखाए गए एक सीन ने तो दिल्ली पुलिस का भी दिल जीत लिया है, जिसके बाद वह सचिव जी की तारीफ करते हुए नहीं थके। पंचायत 3 की वैसे तो पूरी कहानी दर्शकों को पसंद आई है, लेकिन वेब सीरीज में एक सीन ऐसा है जिसको देखकर दिल्ली पुलिस भी तारीफ करने से पीछे नहीं रही। सीरीज में एक सीन दिखाया गया है, जिसमें बूढ़ी दादी की गैस की दवाई खाने के बाद तबीयत बिगड़ जाती है और सचिव जी उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी का बंदोबस्त करते हैं। वह पहले ड्राइवर से पूछते हैं, जिसने शराब पी रखी होती है। उसके बाद वह उप प्रधान से पूछते है, जिन्होंने पूरी बोतल पी रखी होती है। ये देखकर वह दोनों को ड्रिंक एंड ड्राइव नहीं करने देते और फिर खुद अम्मा को अस्पताल लेकर जाते है। पंचायत 3 का यह सीन देखकर दिल्ली पुलिस भी सचिव जी की तारीफ कर रही है। दिल्ली पुलिस ने अपने आधि ाकारिक एक्स अकाउंट पर सिर्फ इस सीन का क्लिप शेयर करते हुए लिखा, "शाबाश! सचिव जी३.बहुत अच्छा किए।"। इसके साथ ही उन्होंने 'ड्रिंक एंड ड्राइव' और पंचायत सीजन 3 को भी अपनी पोस्ट में टैग किया। आपको बता दें कि जितेन्द्र कुमार ने इस सीरीज में अभिषेक त्रिपाठी का किरदार निभाया है, जिनकी पोस्टिंग 'फुलेरा' गांव में सचिव के तौर पर होती है। धीरे–धीरे प्रधान से लेकर उप प्रधान और विकास से उनकी पक्की दोस्ती हो जाती है और रिंकी से उनकी नजदीकियां बढ़ने लगती है।

# तलाक की खबर के बीच हार्दिक पंड्या की पत्नी ने एक पोस्ट से मचाई खलबली, 'लिखा भगवान'



नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पंड्या के तलाक की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है। आए दिन इससे जुड़ी नई अपडेट सामने आ रही हैं। फिलहाल अभी तक नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पंड्या दोनों ने ही इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। न ही वे इस अफवाह का खंडन कर रहे हैं और न ही मामले की पूरी सच्चाई बता रहे हैं। इसी खामोशी के चलते दोनों के फैंस के मन में कई सवाल उठ रहे हैं और इन सवालों की बारिश सोशल मीडिया पर भी देखने को मिल रही है। नताशा स्टेनकोविक ने जैसे ही सोशल मीडिया से अपना नाम और 'पंड्या' सरनेम हटाया, वैसे ही अटपटी चर्चाएं शुरू हो गईं। लोगों को लगने लगा कि दोनों के बीच कुछ तो गड़बड़ है। मामला इतने पर ही नहीं रुका और लोग इसे तलाक से जोड़कर देखने लगे और अब इसी बीच नताशा स्टेनकोविक का एक क्रिप्टिक पोस्ट सामने आया है, जो झट से वायरल भी हो गया है। इसे देखने के बाद लोग छिपा हुआ मतलब खोजने की कोशिश में लग गए हैं। हाल में ही नताशा स्टेनकोविक स्पॉट की गई थीं। इस दौरान नताशा स्टेनकोविक ने तलाक की अफवाहों पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया था। ऐसे में उनकी चुप्पी ने मामले को और तूल दे दी। अब नताशा स्टेनकोविक ने इंस्टाग्राम पर अपने एक पोस्ट से खलबली मचा दी है। उन्होंने दो तस्वीरें पोस्ट की हैं। इनमें से पहली तस्वीर में नताशा स्टेनकोविक लिफ्ट में खड़ी होकर मिरर सेल्फी लेती दिख रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में एक शख्स एक छोटे बच्चे का हाथ थामे जंगल की ओर जाते हुए दिख रहा है। ये तस्वीर जीजस क्राइस्ट की एक कॉन्सेप्ट इमेज है, जिसमें वो अपने भक्त को राह दिख रहे हैं। इस तस्वीर के कैप्शन में नताशा ने कुछ भी नहीं लिखा है, बस कुछ इमोजी बनाए हैं, जिसमें एक शांती के प्रतीक वाला कबूतर है। इसके साथ ही एक सफेद दिल और क्रॉस का निशान भी है। अब इस पोस्ट को देखने के बाद फैंस को लग रहा है कि दोनों के बीच लाजमी तौर पर अनबन है। नताशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और लगातार इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्रिप्टिक पोस्ट कर रही हैं, जो अनबन की ओर सीधा इशारा कर रहे हैं। अब इस हालिया पोस्ट ने शक और गहरा कर दिया है। इस पोस्ट को देखने के बाद एक शख्स ने लिखा, 'आखिर कहना क्या चाहती हो?' वहीं एक और शख्स ने लिखा, 'साफ–साफ क्यों नहीं बताती कि तुम्हारे और हार्दिक के बीच क्या चल रहा है?' एक और शख्स ने उन्हें हिम्मत दी और लिखा, 'भगवान सब ठीक कर देंगे।' फिलहाल लोग इस पोस्ट को हिडेन मैसेज वाला पोस्ट बता रहे हैं और कमेंट सेक्शन में इसक असल मतलब खोजने में लग गए हैं।



## छोटे पर्दे पर आने के फैसले पर मुझसे कई सवाल पूछे गए : नेहा शर्मा

एक्ट्रेस नेहा शर्मा की मोस्ट पॉपुलर सीरीज इल्लीगल रिलीज हो गयी है। इसमें एक्ट्रेस ने निहारिका सिंह का किरदार निभाया है, जो बड़ी वकील बनना चाहती है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के ऑफर के बारे में बात करते हुए बताया कि जब उनके पास इसकी स्क्रिप्ट आई, उस वक्त ओटीटी इतना बड़ा नहीं था। नेहा ने कहा, इल्लीगल का ऑफर कोविड की शुरुआत से पहले मेरे पास आया था। मैं खुद को इसका हिस्सा बनने के लिए बेहद भाग्यशाली मानती हूं। उस समय ओटीटी इतना बड़ा नहीं था। छोटे पर्दे पर आने के मेरे फैसले पर मुझसे सवाल पूछे गए। मुझे गर्व है कि मैंने तब इसकी संभावना देखी और इल्लीगल के लिए हां कह दिया। उन्होंने कहा, यह मेरे करियर के सबसे बेहतरीन प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस सीरीज ने मुझे अपने स्किल्स को दिखाने और एक एक्टर के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया है। मैं इस तरह के क्रिएटिव शो में शामिल होने के अवसर के लिए आभारी हूं। नेहा के लिए यह एक्सपीरियंस पर्सनली और प्रोफेशनली दोनों तरह से शानदार रहा है। उन्होंने कहा, मैं शूटिंग के दौरान बनाए गए कनेक्शन और यादों को संजोकर रखती हूं। इल्लीगल मेरी जर्नी का खास प्रोजेक्ट है। इल्लीगल 3 में अक्षय ओबेरॉय, पीयूष मिश्रा, सत्यदीप मिश्रा, नील भूपालम, इरा दुबे और जैन मैरी खान भी हैं। यह सब कानूनी स्ट्रगल और निजी जीवन के तानों–बानों से घिरे नजर आएंगे। इसकी शूटिंग दिल्ली और मुंबई में हुई है। बात करें इल्लीगल 3 की कहानी तो यह निहारिका सिंह के इर्द–गिर्द घूमती है, जो पेशे से वकील है और जनार्दन जेटली की प्रेस्टीजियस लॉ फर्म में अपना करियर शुरू करती है। कहानी जैसे–जैसे आगे बढ़ती है, निहारिका कई चौंकाने वाले खुलासे करती नजर आती है। वह दिल्ली की सबसे बड़ी वकील बनने का सपना देखती है।



## गर्मियों में शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं ये फूड्स, आप भी डाइट में करें शामिल

मई–जून के महीने में गर्मी अपने चरम पर होती है। इन दिनों कई राज्य भीषण गर्मी के चपेट में हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ता तापमान हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक होता है। ऐसे में तेज गर्मी और धूप की चपेट में आने की वजह से हीट स्ट्रोक, हृदय गति में असमानता, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर बढ़ने आदि की समस्या होने लगती है। ऐसे में स्वस्थ रहने और तमाम बीमारियों से खुद को बचाने के लिए शरीर के तापमान को कंट्रोल में करते रहने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे में आप कुछ चीजों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो कुछ खाद्य पदार्थों की तासीर ठंडी होती है और इनमें पानी की अधिक मात्रा पाई जाती है। ऐसे में इन चीजों का सेवन करने से शरीर को ठंडक पहुंचने के साथ गर्मी से होने वाली समस्याओं से बचाने में मददगार होता है। ऐसे में इन चीजों का सेवन करने से शरीर को ठंडा रखने में मदद मिलती है।

बढ़ जाता है शरीर का तापमान

गर्मियों में हीट स्ट्रोक सामान्य समस्या है। इस दौरान शरीर का तापमान 104 डिग्री से अधिक बना रहता है। ऐसे में शरीर को नेचुरल तरीके से ठंडा रखने वाले पसीने के तंत्र फेल हो जाते हैं। हीट स्ट्रोक की वजह से पाचन में गड़बड़ी, रक्तचाप और चक्कर आने का खतरा होता है। इसलिए गर्मियों में हीट स्ट्रोक से खुद का बचाव करने और शरीर को शीतलता प्रदान करने वाली चीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। आइए जानते हैं हीट स्ट्रोक से बचने के लिए किन चीजों का सेवन फायदेमंद होता है।

खीरा–तरबूज

गर्मियों में अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। ताकि आपका शरीर हाइड्रेट रहे। खीरा में पानी की मात्रा अधिक होती है। ऐसे में इसका सेवन करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर तरबूज भी आपके शरीर को ठंडा रखता है। साथ ही खीरा–तरबूज आदि के सेवन से शरीर डिहाइड्रेशन नहीं होता है। इसमें कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर में इंफ्लामेशन को कम करने के साथ ही गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करता है।

फायदेमंद है पुदीना

पुदीने में मेन्थॉल पाया जाता है, जो शरीर को ठंडक पहुंचाता है। चाय, सलाद, पानी या स्मूदी आदि में ताजी पुदीने के पत्तियों को मिलाकर पीने से आप गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं। साथ ही यह पाचन स्वास्थ्य को भी ठीक रखता है। पुदीने की पत्तियों के सेवन से कब्ज–अपच जैसी दिक्कतों से राहत पाई जा सकती है।

पिएं नारियल पानी

बता दें कि नारियल पानी में भरपूर मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट्स पाया जाता है, जो आपके शरीर में पानी की कमी को दूर करता है और तरल पदार्थों के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होता है। इसके साथ ही नारियल पानी में पोटेशियम, मैग्नीशियम और सोडियम सहित कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यदि आप रोजाना गर्मियों में नारियल पानी का सेवन करते हैं, तो स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को कम किया जा सकता है।

## शरीर में प्रोटीन की कमी होने पर दिखते हैं ये संकेत, इस तरह कर सकते हैं भरपाई



हमेशा फिट एंड फाइन रहने के लिए हमारी शरीर में सभी पोषक तत्वों का सही मात्रा में होना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में प्रोटीन भी उन्हीं में से एक है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि शरीर में मौजूद हर जीवित कोशिका को प्रोटीन की जरूरत होती है। एक व्यक्ति को अपने पूरे दिन में करीब 10: कैलोरी प्रोटीन को प्राप्त करना चाहिए। ऐसे में अगर हमारे शरीर में प्रोटीन की कमी होती है तो यह हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए अगर आपके शरीर में कोई बदलाव हो रहे हैं तो आपको उनपर जरूर ध्यान देना चाहिए। आज इस कड़ी में हम आपको ऐसे ही कुछ संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं जो प्रोटीन की कमी को दर्शाते हैं। इसके साथ यह भी आपको बताएंगे की किस तरह इसकी भरपाई आप कर सकती हैं।

चोट न भरना

शरीर में प्रोटीन की कमी की वजह से अक्सर चोट जल्दी से नहीं भरती है क्योंकि इस न्यूट्रिएंट की कमी की वजह से घाव भरने की प्रक्रिया बहुत धीमी हो जाती है। दरअसल नई कोशिकाओं को बनने के लिए वक्त और प्रोटीन लगता है, जिसकी वजह से घाव को भरने में मुश्किल आती है। ऐसे में आप के साथ भी ऐसा हो रहा है तो आपको इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए।

बार–बार क्रेविंग होना

प्रोटीन की कमी के कारण बार–बार भूख भी लगती रहती है। ऐसे में इस समय नमकीन या मीठे फूड्स खाने की लगातार क्रेविंग होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हमारे शरीर में जब प्रोटीन की कमी होती है तो खुद ही हाई प्रोटीन वाले फूड्स खाने की इच्छा होती है।

बालों का लगातार टूटना

प्रोटीन की कमी में बालों का झड़ना भी एक संकेत है। कई लोग बालों के झड़ने पर हर तरह का प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं लेकिन फिर भी बाल झड़ना नहीं रुकता। यहां तक कि दिन पर दिन बालों की चमक कम हो जाती है और वो रूखे हो जाते हैं। ऐसा शरीर में प्रोटीन की कमी के कारण होता है।

शरीर में सूजन होना

विशेषज्ञों के अनुसार प्रोटीन की कमी से शरीर के किसी अंग में सूजन भी आ सकती है। इसे चिकित्सीय शब्दावली में एडिमा कहा जाता है। बता दें कि जब ब्लड में एल्बुमिन प्रोटीन की कमी होती है तो ये परेशानी हो सकती है।

थकान होना

प्रोटीन की कमी से आपकी मसल्स ढीली हो सकती हैं, जो बदले में आपकी ताकत को कम कर देती हैं, जिससे आपका संतुलन बनाए रखना कठिन हो जाता है और मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। यह एनीमिया का कारण भी बन सकता है।

मांसपेशियों में दर्द होना

मांसपेशियां अपनी जरूरत के अनुसार प्रोटीन हड्डियों से सोखने लगती हैं। इस वजह से हड्डियों में कमजोरी आ जाती है। वहीं मांसपेशियों को अधिक ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। यहां तक कि मसल्स में दर्द भी बना रहता है।

खांसी–जुकाम

हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि जिन लोगों के शरीर में प्रोटीन की कमी होती है उनका इम्युन सिस्टम कमजोर हो सकता है। ऐसे में लोगों को इंफेक्शन से घिरने का खतरा अधिक होता है।

ये हैं प्रोटीन के शाकाहारी स्रोत

अंडा

अंडा प्रोटीन का सबसे अच्छा सोर्स माना जाता है। यह विटामिन, कैल्शियम, मिनरल्स और हेल्दी फैट जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। अंडे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

सोयाबीन

प्रोटीन के लिए शाकाहारी स्रोत में सोयाबीन काफी अच्छा विकल्प है। आप सोयाबीन से रोजाना की प्रोटीन जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। आप सोयाबीन की सब्जी या स्प्राउट्स के तौर पर इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।

चना

चना भी प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत होता है। चने में कार्ब्स, फाइबर, आयरन, फोलेट, फास्फोरस, पोटैशियम आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है।

टोफू

सोयाबीन से बना टोफू काफी हेल्दी होता है। टोफू में अंडे के बराबर प्रोटीन पाया जाता है। आप इसे किसी भी तरह अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। टोफू में प्रोटीन के अलावा आयरन और कैल्शियम भी भरपूर होता है।

मूंग दाल

इसमें फाइबर, अमीनो एसिड, कार्बोहाइड्रेट और लिपिड पाए जाते हैं। मूंग दाल में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है, इसलिए इसे वजन घटाने के लिए फायदेमंद माना जाता है।

## बच्चा कर रहा है ये हरकतें तो हो जाएं सतर्क, नहीं हो पाएगा जिंदगी में सक्सेसफुल



मां– बाप अपने बच्चों से बहुत उम्मीदें पालकर रखते हैं। वो चाहते हैं जिंदगी में जो वो अचीव नहीं कर पाएं वो उनके बच्चे करें। हालांकि इन सब के बीच वो बच्चों में परफेक्ट होने का इतना प्रेशर डालते हैं कि कुछ संकेतों को इग्नोर करते हैं। जी हां, बचपन में ही बच्चे कुछ ऐसे संकेत देते हैं जो आपके बच्चे को जिंदगी में अचीवर बनने से रोक सकते हैं। ये एग्जाम से कम नंबर लाना या बदतमीजी करना नहीं है। अगर आप ध्यान देंगे तो आपको समझ आएगा कि आखिर क्या हैं ये कमियां और आप इसे ठीक करने की तरफ काम भी कर सकते हैं...

आत्म– सम्मान की कमी

जिन बच्चों में आत्मसम्मान की कमी होती है, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह कर सकते हैं और चुनौतियों का सामना करने में झिझक सकते हैं। वे क्लास में डिस्कशन और करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेने से बचते हैं। वहीं वो कहीं पर भी अपनी राय को खुलकर नहीं रखते हैं। इसलिए आप अपने बच्चों में कॉन्फिडेन्श बढ़ाएं और हर अचीवमेंट पर उनकी तारीफ जरूर करें। इससे वो जिंदगी में रिस्क उठाने या कुछ करने में हिचकिचाएंगी नहीं।

काम को टालते रहना

एंग्जायटी, डर या फेल होने या प्रोत्साहन की कमी की वजह से आपका बच्चा बार–बार किसी काम को टालने की कोशिश कर सकता है। अगर आपका बच्चा आखिरी मिनट तक अपने काम या होमवर्क को टालता रहता है, तो आपको उसके इस व्यवहार का कारण पता लगाकर उसकी मदद करें।

खुद को व्यक्त न कर पाना

बच्चे को टाइम को मैनेज करने, अपने कामों को प्राथमिकता देने और डेडलाइन को पूरा करने में दिक्कत आती है तो आपको इस बात पर खास ध्यान रखना चाहिए। इस व्यवहार के चलते बच्चे का काम अधूरा छूट सकता है जो उसके तनाव का कारण बनने लगेगा। आप अपने बच्चे को व्यवस्थित तरीके से काम करना सिखाएं। असके अलावा कम्यूनिकेशन स्किल्स बेहतर न होने से बच्चा आगे जाकर करियर में दिक्कत फेस करता है। जिन बच्चों को खुद को व्यक्त करने में परेशानी होती है, वो ग्रुप एक्टिविटीज या जरूरत पड़ने पर मदद लेने से हिचकिचाते हैं।

ध्यान भटकना

फोकस न करना पाने वाली बात को हल्के में न लें। ये एडीएचडी के संकेत हो सकते हैं। ये नींद की कमी या बहुत ज्यादा टीवी देखने की वजह से हो सकते हैं। बड़ी फैमिली जहां बहुत शोर– शराबा है वो भी इसका कारण हो सकता है। पढ़ाई में अव्वल आने के लिए बच्चों की इस प्रॉब्लम को पहचानकर उसे सॉल्व करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा डिस्लेक्सिया या एडीएचडी को इग्नोर कर देते हैं। अगर सही समय पर इनकी पहचान कर के इलाज शुरू कर दिया जाए, तो परेशानी को बढ़ने से रोका जा सकता है।

## शिमला के पास मौजूद इन गांवों की खूबसूरती देख पल में हो जाएंगे दीवाने, प्लान करें ट्रिप

भारत में शिमला, कुल्लू, मनाली और नैनीताल जैसे डेस्टिनेशन सबसे ज्यादा फेमस हैं। इन खूबसूरत हिल स्टेशनों का दीदार करने भारत के हर कोने से लोग आते हैं। लेकिन गर्मियों में इन हिल स्टेशनों पर पर्यटकों की अधिक भीड़ होती है। क्योंकि इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। जिसके कारण यहां पर स्टे में समस्या, महंगा सामान और घंटों जाम में फंसना पड़ता है। इस वजह से ट्रिप का पूरा मजा खराब हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन फेमस डेस्टिनेशन के पास कई ऐसी जगहें हैं, जहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत माहौल आपको सुकून देती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको शिमला से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांवों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां की सुंदरता किसी को भी पलभर में दीवाना बना सकती है।


शिमला में ट्रिप

भारत में प्राकृतिक खूबसूरती से घिरे कई टूरिस्ट स्पॉट हैं। वहीं शिमला में पर्यटकों का पूरे साल आना–जाना लगा रहता है। यहां के बादल और बर्फ से ढके पहाड़ शिमला को अट्रेक्टिव बनाते हैं। दिल्ली समेत कई इलाकों से यहां पर काफी कम समय में पहुंचा जा सकता है। वैसे आप शिमला में मौजूद गांवों की सैर कर अपने ट्रिप को यादगार बना सकते हैं। आज हम आपको शिमला के इन्हीं खूबसूरत गांवों के बारे में बताने जा रहे हैं।

कोटगढ़ गांव

कोटगढ़ गांव सेब के बगीचों के लिए काफी फेमस है। यह गांव एक शांत और खूबसूरत जगह है। यहां पर सेब के अलावा एप्रीकॉट, प्लम्स, चौरी और दूसरी हेल्दी चीजें भी उगाई जाती हैं। इसके साथ ही आप यहां पर सेंट मैरी चर्च देखने जा सकते हैं। बता दें कि इस चर्च को साल 1872 में बनाया गया था। इस स्थान पर तन्नी जुब्बर झील मौजूद है, जोकि पहाड़ों से घिरी है। इस झील के पास एक छोटा सा जंगल है। यहां पर जून महीने में तन्नी जुब्बर मेला का आयोजन होता है।

हाटू पीक



यह जगह हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में मौजूद है। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 3400 मीटर है। यह पूरी जगह मेपल और शंकुधारी पेड़ से घिरा हुआ है। यहां कोटगढ़ के अलावा हाटू पीक को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप कोटगढ़ में बर्फ से ढकी हिमाचल की चोटियों को देखने का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां पर बड़े अट्रेक्शन प्वाइंट्स में से एक सेब के बगीचों को देख सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर चतुर्मुख देवता मंदिर में दर्शन भी कर सकते हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कैंसर जन जागरुकता कार्यक्रम

प्रयागराज। प्रो.राजेन्द्र सिंह(रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज में विश्व तम्बाकू निषेध ा दिवस के अवसर पर कैंसर जन जागरुकता कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

अनिकेत स्माइल फाउंडेशन, सामाजिक विकास सेवा समिति प्रयागराज एवं संस्कृत विभाग प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,प्रयागराज,उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित कैंसर जनजागरुकता कार्यक्रम का सफल आयोजन दिनांक 31ध05ध2024 दिन शुक्रवार को प्रो.राजेन्द्र सिंह(रज्जू भय्या)विश्वविद्यालय अकादमिक भवन–ए–सभागार ळ–6 में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारम्भ सम्मानित अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायाध्यक्षों के द्वारा दीप प्रज्जवलन व सरस्वती प्रतिमा एवं रज्जू भय्या के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ।इसी समय संस्कृत विभाग के शोध छात्र अनन्त जी मिश्र के द्वारा वैदिक मंगलाचरण किया गया। इसके अनन्तर संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रवीण कुमार द्विवेदी के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया गया। तत्पश्चात् अनिकेत स्माइल फाउण्डेशन संस्थापक डॉ. अखिलेश कुमार सिंह जी के द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने इस फाउण्डेशन का स्थापना किया. विशिष्ट वक्तव्य के रूप में उपस्थित डॉ. देव कुमार यादव कैंसर रोग विशेषज्ञ स्वरूप रानी चिकित्सालय प्रयागराज ने कहा कि कैंसर से संबंधित तंबाकू से होने वाले मृत्यु में भारत द्वितीय स्थान पर है। उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू का कैंसर रोग में बहुत योगदान है इन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि सभी प्रकार के नशीली पदार्थों के सेवन को त्याग करके मोटापा को कम कर के नियमित दिनचर्या से हम कैंसर जैसे रोग से बच सकते हैं। इन सब बचाव से 70: कैंसर को रोका जा सकता है।

इसके पश्चात डॉ. मनीषा टंडन कैंसर रोग विशेषज्ञ कमला नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज ने अपने विशिष्ट वक्तव्य में यह कहा कि नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर जाने से भी कैंसर जैसे असाध्य रोगों से बचा जा सकता है ,अभिभावक वर्ग को चाहिए कि वह अपने



बच्चों के साथ ओपन कम्युनिकेशन का माध्यम अपनायें ,उन्होंने यह भी कहा कैंसर पीड़ित के साथ सहानुभूति और प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। जिससे कैंसर पीड़ित जल्दी ही इस रोग से मुक्त हो सके।डॉ.मनीषा टंडन अपने वक्तव्य में कहती हैं कि महिलाओं में दो प्रकार के कैंसर होने की संभावना होती है बच्चेदानी का कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर जिसके लिए नियमित दिनचर्या, नियमित जीवन शैली अपनाना चाहिए और सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन भी महिलाए कर सकती हैं।

कार्यक्रम में आगे बढ़ते हुए कैंसर सर्वाइवर प्रो. बृजेंद्र सिंह प्राचार्य महात्मा गांधी पी.जी. महाविद्यालय फतेहपुर ने बताया की कैसे उन्होंने कैंसर जैसे असाध्य रोग से मुक्ति पाई। उन्होंने बताया कि पहले वह भी तंबाकू का सेवन करते थे किंतु कैंसर होने के पश्चात उन्होंने तंबाकू का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ चिकित्सकों की देखभाल में नियमित दिनचर्या और नियमित दवा आदि के माध्यम से उन्होंने इस कैंसर जैसे असाध्य रोग से लड़ कर अपने जीवन में सकुशल लौट आए। उन्होंने विद्यार्थी वर्ग से,युवा वर्ग से अपील की कि आज वह शपथ लें कि वह किसी भी प्रकार का तंबाकू अल्कोहल नशा से संबंधित पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे। यदि वह अपने घर परिवार से प्रेम करते हैं तो सर्वप्रथम अपने शरीर का अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में आए हुई महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी किन्नर अखाड़ा टीना मां ने कहा कि सरकार के साथ हमारी भी भागीदारी है अपने समाज को ,अपने राष्ट्र को, अपने परिवार को तंबाकू से मुक्त करें और कैंसर जैसे भयावह रोग से मुक्त हो। उन्होंने यह भी अपील की कि सनातन धर्म में कुछ तथ्यों को गलत तरीके से समाज में प्रसारित किया जा रहा है ।उसे भी दूर करके कैंसर जैसे रोगों से मुक्त हुआ जा सकता है। प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) के समाज शास्त्र विभाग के अतिथि प्रवक्ता डॉ.मनोज कुमार यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि कुछ कठोर कदम उठाए जिससे युवा वर्ग नशे से मुक्त हो सकें।

इसके पश्चात श्री राजेन्द्र मिश्र ने भी वक्तव्य दिया। प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, संस्कृत विभाग के अतिथि प्रवक्ता डॉ.पीयूष मिश्र ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। संस्कृत विभाग की अतिथि प्रवक्ता डॉ. प्रिया झा ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रो. बृजेंद्र सिंह ,डॉ. विक्रम शुक्ल, डॉ. एकता चतुर्वेदी,डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, अनिल मिश्र, राकेश यादव, शिव प्रसाद गिरि , विनय पाण्डेय बालकृष्ण शुक्ल अनिकेत स्माइल फाउण्डेशन एवं प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय से डॉ.प्रवीण कुमार द्विवेदी , डॉ. प्रदीप कुमार त्रिपाठी, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. कविता गौतम , डॉ.आनंद त्रिपाठी,डॉ.गरिमा सिंह ,डॉ. अखंड प्रताप पाल, डॉ. अनुज कुमार ,डॉ.मनोज यादव ,डॉ.लवकुश पाण्डेय डॉ सच्चिदानंद मिश्र आदि उपस्थित रहें।

## जगदलपुर की काव्य गोष्टी संपन्न

जगदलपुर। शहर समता विचार मंच.जगदलपुर की महिला काव्य गोष्ठी..सतरूपा मिश्रा के संयोजन मे..प्रदेशाध्यक्ष शोभा त्रिपाठी जी एवम् स्मृति मिश्रा षीति ष्की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई ।इस काव्यगोष्ठी की मुख्य अतिथि...समाज सेविका एवम् कवयित्री शैल दुबे एवं विशिष्ट अतिथि सुचिता सामंत जी रहीं।




यह काव्य गोष्ठी शाम 4 बजे से शाम 7.बजे तक चली जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि शैल दुबे ...द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती की मूर्ति में माल्यार्पण द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति ...कवियित्री मंजू तिवारी.. द्वारा की गयी। काव्य गोष्ठी का कुशल संचालन गीता शुक्ला ने किया। इस काव्य गोष्ठी में.शैल दुबे ,गीता शुक्ला ,सतरुपा मिश्रा ,डालेश्वरी पांडे, ज्योति चौहान,मंजू तिवारी, सुचिता सामंत, तूलिका शर्मा, सुकांति जैसवाल सुषमा सामंत,वंदना राठौर ,घ्तु द्विवेदी ने अपनी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति द्वारा आयोजन में चार चांद लगा दियें जिसमें सभी रचनाकारों ने .एक से बढ़कर एक काव्य का पाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन सतरूपा मिश्रा ने किया।

## दोहा
## (आग उगलता आसमाँ)

समझाया ज्यों सूर्य ने, गर्मी का विज्ञान।
दोपहरी लम्बी हुई,लू की खुली दुकान। ।

तपन सूर्य की देखकर ,कहने लगे हजूर।
छाँव ढूँढती छाँव को,छाँव हुई काफूर।।

गर्मी की ही देन है, अरु सूरज अनुराग।
धूप शरारत कर रही, बरस रही है आग।।

हर मौसम में धूप का,है अपना ही रंग।
जाड़े में बनकर दवा,करे ग्रीष्म में तंग। ।

धूप चटक हो ज्येष्ठ में, पी समुद्र का नीर।
ऋतु वर्षा का प्राण बन, हरे धरा का पीर।।

समझाएगा कौन अब,कौन सुनेगा पीर।
हाथ मिलाकर धूप से,बदले दिखे समीर।।

आग उगलता आसमाँ, गर्म हवा का दाँव।
पथिक ढूँढता वृक्ष को,वृक्ष ढूँढते छाँव। ।

गर्म हवाएँ चल रहीं,जूझ रहे हैं पात।
जंगल से ज्यों–ज्यो हुए, गायब वृक्ष–जमात। ।

राहत अब मिलती नहीं,नीर पियो या सूप।
खूब तपाती दुपहरी,सुबह काटती धूप।।

लू से ही शिक्षित हुए, गर्मी के अंगार।
लूट रहे हैं बाग का, हरा–भरा संसार। ।


काबलियत गायब हुई,धरा रह गया ज्ञान।
गर्मी की डिग्री बढ़ी,हाँफ रहा इन्सान। ।

लू के बढ़ते वेग से,गर्म हुआ जब जून।
ढूँढ रहे मच्छर मियाँ,घर–घर ठण्डा खून। ।

साली जी ने ज्यों किया,मुझसे प्रेम–प्रणाम।
जेठ दुपहरी शाम बन,बनी पूष का घाम।।

मौसम के अनुरूप ही,साली का हर रंग।
मधुवन की तस्वीर बन, अंतस भरे उमंग।।

गुलदस्ता है प्रेम का,साली मिलन प्रसंग।
मीरा जिसके मूल में,भरे मधुवनी रंग।।



डॉ०प्रदीप चित्रांशी
प्रयागराज

# नौतपा: 24 घंटे में आठ मरीजों ने अस्पताल में दम तोड़ा

## स्वास्थ्य महकमें में मची खलबली, बोलने से बच रहे जिम्मेदार
## हीट स्ट्रोक वेब की चपेट में जनपद, नहीं रुक रहा मौत का सिलसिला

प्रतापगढ़। जनपद हीट स्ट्रोक के कहर की चपेट में है। पिछले चौबीस घंटे में जिला अस्पताल में भर्ती आठ मरीजों ने दम तोड़ दिया। इन मौतों से स्वस्थ महकमे में अफरा तफरी मच गई है। डाक्टरों के अनुसार मरने वालों में अधिकांश तेज बुखार की चपेट में थे। मरने वालों के अलावा काफी संख्या में बुखार की चपेट में आए मरीजों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। शुकवार को भी लू की चपेट में आने वाले मरीजों को रेफर करने का सिलसिला जारी रहा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामलली अंतू शैफुल निशा, इशमतुल, मेहरू निशा, बदलू व रियाज सभी कोतवाली नगर, माध ुरी और किताबुन निशा लीलापुर को पिछले चौबीस घंटे में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। डाक्टरों के अनुसार मरने वालों की उम्र 55 से 90 साल की है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सौभाग्य प्रकाश का कहना है कि इस समय लू चल रही है। तापमान 47 डिग्री तक चल रहा है। अस्पताल में बुखार और लू की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इलाज का दौरान लोगों की मौत भी हो रही है। कोतवाली नगर भंगवा चुंगी के रहने वाले ननचू ने बताया कि उसके पिता को तेज बुखार था। अस्पताल वालों ने प्रयागराज रेफर कर दिया।

बुजुर्गो पर अधिक अटैक–

हीट स्ट्रोक का असर बुजुर्ग पर अधिक हो रहा है। मरने वालों में अधिकांश मरीज इसी उम्र के थे। डाक्टरों के अनुसार बुखार तेज होने पर बुजुर्गो में सांस की समस्या बढ़ जाती है। वे ठीक से सांस नहीं ले पाते हैं। उनकी मृत्यु हो जाती है।

दस बजे लगता है दोपहर हो गई है–

आजकल सुबह सात बजे के बाद धूप इतनी तेज हो जाती है कि लगता है कि दोपहर हो गई है। तापमान अधिक होने से सड़कें जलने लगती हैं। कूलर और एसी इस गर्मी में असर नहीं कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री कहते हैं कि सुबह दस बजे के बाद हो सके तो घरों से न निकले। शाम को पांच बजे के बाद ही निकलना उचित होगा।

# सपा कार्यालय पर अहिल्याबाई होलकर की मानयी गई 299वीं जयंती

प्रतापगढ़। शहर के मीराभवन स्थित सपा कार्यालय पर शुक्रवार को राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 299वीं जयंती मानयी गयी। सपा पदाधिकारियों ने राजमाता के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंड़ी गांव में मांकोजी शिंदे की पुत्री के रूप में हुआ था। 12 साल की उम्र में उनका विवाह मराठा साम्राज्य के सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव होलकर के साथ हुआ था। उन्होंने माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया। अहिल्याबाई होल्कर ने विधवा महिलाओं और समाज के लिए कई काम किये। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती थी। इसके साथ ही वह गरीबों और निर्धनों की हरसंभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। उन्हें अपनी प्रजा की सेवा के साथ मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए भी जाना जाता है। अहिल्याबाई होल्कर ने काशी के विश्वनाथ मंदिर, पुराने सोमनाथ मंदिर और अयोध्या के राम मंदिर के साथ ही कई मंदिर और धर्मशालाएं बनवाई। इस अवसर पर अब्दुल कादिर जिलानी, आशुतोष पाण्डेय, अनिल यादव, जावेद अख्तर, के0 के0 पाल, रमेश पाठक, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष मनीष पाल, सयुस जिलाध्यक्ष संजीव पटेल, अश्वनी सोनी, निसार अहमद, अंकुर मौर्या, विनय सिंह, सुशील पाल, सौरभ पाल, इमरान, लालसाहब सिंह, राजेश पाल, राकेश पाल, अहमद अली, अब्दुल हई, मो0 अफसर, विजय बहादुर पाल, रवि पाल, राजकुमार विश्वकर्मा, अनिल गौतम, असलम खान, प्रदीप यादव, राजकुमार प्रजापति सहित पार्टी के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने पत्रकारों को किया सम्मानित

प्रतापगढ़। हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देश भर के 101 पत्रकारों को जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने डिजिटल सम्मान पत्र से सम्मानित किया है। एक वर्चुअल बैठक के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध यक्ष डा0 अनुराग सक्सेना ने

कहा कि जन सरोकार की पत्रकारिता ही पत्रकार को समाज में पहचान दिलाती है। समाचार की विश्वसनीयता और उसका उद्देश्य ही पत्रकार की पहचान होता है। उन्होने कहा कि वर्तमान समय के पत्रकार आज जनकल्याण के मुद्दे उठाकर सरकार का ध्यान उस तरफ आकर्षित करें ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि हमें अपने पत्रकार दायित्व का निर्वाह करते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा समाज और राष्ट्र को कोई नुकसान न पहुंचे। चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता समाज का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है। डॉ0 सक्सेना ने कहा कि 21वीं सदी की पत्रकारिता बहुत कठिन दौर से गुजर रही है। देश के अंतिम पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति तक पहुंचाना पत्रकार की जिम्मेदारी बनती है। पत्रकारों को समय समय पर समाज की परेशानियों व समस्याओ के साथ अपनी समस्याओ को भी उठाना चाहिए। जिससे वह शासन प्रशासन के संज्ञान मे आये और उसके निराकरण के लिए शासन प्रशासन उचित कदम उठाए। इस मौके पर दर्जनों पत्रकार मैजूद रहे।

# नशा करना सेहत के लिए ठीक नहीं–एडीजे

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर किया जागरुक

प्रतापगढ़। रानीगंज तहसील क्षेत्र के डॉ0 रामचंद्र शुक्ल विधि महाविद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध ा दिवस विषय पर शुक्रवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिला जज सुमित पंवार ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 1987 से प्रति वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दुनियां भर में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले नुकशान से लोगों को जागरूक करना है। एडीजे ने महाविद्यालय में पौध ारोपण भी किया। रानीगंज तहसील स्थिति लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया। चिकित्साधिकारी पट्टी डॉ0 ज्ञानेंद्र कुमार मौर्या ने कहा कि नशे के कारण युवावस्था में ही लोग कैंसर, लीवर, फेफड़े की गंभीर बीमारी से ग्रसित होते जा रहे है। हर वर्ष लाखो लोगो की मृत्यु तंबाकू और नशीले पदार्थो के सेवन के कारण हो रही है। स्वस्थ समाज के निर्माण में हम सभी को मिलकर तंबाकू सेवन को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना होगा। नायब तहसीलदार कृपाशंकर यादव ने नशे के दुष्प्रभाव और उसके बचाव के विषय में जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार पांडेय ने महाविद्यालय छात्र छात्राओं व प्राधि ाकरण के सचिव के साथ रैली निकालकर लोगो को तंबाकू मुक्त राष्ट्र निर्माण के लिए जागरूक किया। शिविर का संचालन पीएलवी महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पीएलवी विशाल त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, दिनेश मिश्र, सुरेंद्र सरोज, गिरीश पांडेय, जुल्फिकार, लालबहादुर पटेल उपनिरीक्षक रामनारायण यादव व विधि महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसपी चुनाव में व्यवस्त, एएसपी ने सुनी समस्याएं

प्रतापगढ़। लोकसभा चुनाव के बाद मतों की गणना में सुरक्षा व्यवस्था की व्यस्तता के चलते जनसुनवाई एसपी सतपाल अंतिल के बजाए एएसपी संजय राय कर रहे हैं। चुनाव में व्यस्तता के चलते कुछ दिन जन सुनवाई बंद थी। अब एएसपी जनसुनवाई कर रहे हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग न्याय पाने के लिए एसपी दफ्तर पहुंचे। लोगों की शिकायतों को सुनते हुए एएसपी ने संबंधि त थानों के जिम्मेदारों को गुण दोष के आधारी पर मामले को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

## मौसम का कुचक्र

मौसम बदल रहा!
तपती धरती आग उगल रही,
लोग प्रकृति को आरोपित करते, ..........

..असहनीय गर्मी की बातें,
कौन सुनने वाला यहां,
सभी कान बंद किया जहां,
जब हम स्वयं जिम्मेदार यहां
,
कोई दूसरा नहीं कसूरवार।

मौसम बदल रहा!
तपती धरती आग उगल रही,
कोई पर्वतों पर जा रहा,
कोई ऐसी में बैठ रहा,
सड़के, मकान, पुल, हाईवे,
मनुष्य की सुविधा के लिए,
पर मनुष्य को संतोष कहां,
और –और की चाह जहां
मौसम बदल रहा!
'डॉ सीमा अग्रवाल'

## संक्षिप्त

### आशा बहू ने सीएचसी अधीक्षक पर अभद्रता का लगाया आरोप, डीएम से की शिकायत

प्रतापगढ़, रानीगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीगंज में शुक्रवार को मीटिंग के दौरान आशा बहू ने अधीक्षक पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए डीएम से लिखित शिकायत की है। रानीगंज तहसील के मिसिद्दीपुर निवासिनी सुनीता राय पत्नी संजय राय शिवगढ़ ब्लाक क्षेत्र में आशा बहू हैं। शुक्रवार को रानीगंज सीएचसी में मीटिंग के लिए क्षेत्र के लिए सभी आशा बहुओं को बुलाया गया था। सीएचसी अधीक्षक ने सुनीता राय से काम के बावत स्पष्टीकरण मांगा। बोले एएनएम की शिकायत की हो। अधीक्षक ने थप्पड़ मारने की धमकी देते हुए मीटिंग से भगा दिया। इस दौरान सीएचसी में जमकर हंगामा भी हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। सुनीता का आरोप है कि एएनएम प्रतिभा व उपसना दोनों अधीक्षक की सह पर कभी भी एएनएम केन्द्र पर नहीं रहती हैं। जिसकी वजह से मरीजों को जिला अस्पताल जाना पड़ता है। दोनों एएनएम की सुनीता द्वारा शिकायत अधीक्षक को अच्छा नहीं लगा। एएनएम की शिकायत से खार खाए अधीक्षक ने मेरे साथ अभद्रता करते हुए मीटिंग से भगा दिया। आशा बहू सुनीता राय ने मामले को डीएम संजीव रंजन से लिखित शिकायत करते हुए आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

### रोडवेज डिपो में आयोजित समारोह में दी भावभीनी विदाई

प्रतापगढ़। रोडवेज डिपो में तैनात जूनियर फोरमैन शिव प्रकाश सिंह 34 वर्ष की सेवा करने के उपरांत शुक्रवार का सेवा निवृत्त हो गये। श्री सिंह के सम्मान में रोडवेज डिपो परिसर में विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यूनियन के पदाधिकारियों ने श्री सिंह के द्वारा रोडवेज के विकास व यात्रियों की सुविधा के लिए किए गये कार्यों की सराहना की। विदाई समारोह की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, चीफ गेस्ट निर्मल कुमार व विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी की मौजूदगी में कार्यक्रम संपंन हुआ। सेवा निवृत्त श्री सिंह को विशिष्ट गिफ्ट देकर भावभीनी विदाई दी। उन्होंने सेवा कार्य के दौरान अपने अनुभव साझा किये। इस मौके पर रोड़वेज संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्र कुमार सिंह, सुरेश चंद्र पांडे, मनोज कुमार शुक्ल, कैलाश मिश्र, लाल प्रताप सिंह, जेपी शर्मा, उमेश श्रीवास्तव, रत्नाकर त्रिपाठी, रामेश्वर प्रसाद शर्मा समेत अन्य साथी कर्मचारी मौजूद रहे।

### रेल गाड़ियों के उद्घोषक हेड टीटी राजेश की हुई भव्य विदाई

प्रतापगढ़। रेल गाड़ियों के आने जाने की उद्घोषणा करने वाले हेड टीटी राजेश प्रताप सिंह शुक्रवार से सेवा निवृत्त हो गये। उनके सम्मान में स्टेशन परिसर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवा के दौरान रेलवे की प्रगति के लिए उनके द्वारा किये गये कार्यों व अपनी मनमोहक आवाज से यात्रियों को रेल गाड़ियों के आने जाने के लिए सचेतक के रूप में साथी कर्मचारियों ने उनकी भूरि–भूरि सराहना की। विदाई समारोह की अध्यक्षता वाणिज्य निरीक्षक डी0 डी0 शुक्ल व संचालन मो0 अफजल ने किया। इस मौके पर मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश सिंह, नीरज सोमवंशी, स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद, अब्दुल रशीद, मो0 शरीफ, मो0 शरीफ खान, विपिन कुमार शर्मा, रवि कुमार, अनिल कुमार, श्रीराम सिह यादव, जितेंद्र कुमार, एम0 के0 कश्यप, राजेश गुप्ता, मंजीत चौधरी, बी0 बी0 शुक्ल, अनिल कुमार मिश्र समेत बड़ी संख्या में साथी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए लगाया फुहारा

प्रतापगढ़, कुंडा। बिहार उपकेंद्र पर विद्युत उपभोक्ताओं को अघोषित कटौती से बचाने के लिए बिजलीकर्मी हर संभव प्रयास कर रहे हैं। नौ दिन के नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की खपत बढ़ने से रोज कही न कही ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो रहा है। बिहार उपकेंद्र पर लगे 5 एमबीए और 10 एमबीए के दोनों ट्रांफार्मर को गर्म न हो इसके लिए ट्रांसफार्मर पर पानी का फुहारा लगाया गया है। जिससे कि ट्रांसफ़ार्मर ठंडा रहे और ब्लास्ट न हो। ताकि उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सके। इस तरह की चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में आमजनमानस को निर्बाध रोस्टर के हिसाब से बिजली देने के लिए बिजली कर्मचारी किसी योद्धा से कम काम नही कर रहे हैं। जोकि अपनी परवाह न करे बिना आमजनमानस की सेवा में तत्पर है। इसके बावजूद लोड बढ़ने से बिजली आपूर्ति बाधित होने पर उपभोक्ताओं के गुस्से का शिकार भी हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर फूंकने से बचाने के लिए बिजली कर्मियों ने फुहारा लगाकर अनोखी पहल की है।

### घरों में रहे लोग अनावश्यक बाहर न निकलें, सीएचसी अधीक्षक ने दी सलाह

प्रतापगढ़, कुण्डा। भीषण पड़ रही गर्मी जानलेवा हो रही है। दिनोदिन बढ़ रहा तापमान चिंता के साथ स्वास्थ्य के लिए भी चुनौती बन गया है। गुरुवार को तापमान 46 डिग्री सेल्सियस जा पंहुचा जिसके चलते दोपहर के समय आसमान से आग बरसने जैसे थी। सड़को पर हर जगह सन्नाटा छाया रहा। वहीं जिन इलाकों मे विजली कटौती हुयी उनकी तो दुश्वारी बढ़ गयी। कुंडा इलाके के लोग गर्मी की मार से परेशान हैं। गुरुवार को तापमान 47 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बढ़ते तापमान को देखते हुए कुंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा0 राजीव तिवारी ने लोगों से कहा कि 10 बजे दिन के बाद से 5 बजे तक यदि आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। पेय पदार्थो जैसे नीबू पानी, शिकंजी, बेल का शरबत, गन्ने का जूस आदि का प्रयोग करे। पुरी बाँह का कपड़ा पहने और सिर को ढँक कर रखे। इसके साथ ही छोटे बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा का ध्यान रखें। पक्षियों के लिए पानी रखवाये ताकि उनकी भी रक्षा हो सके। यदि हीट स्ट्रोक के शिकार होते है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पर्क करे साथ ही ग्लूकोज का सेवन करें। इस बार रिकार्ड तोड़ गर्मी अपने पूरे रौद्र रूप में पड़ रही है।

### समर कैंप में ष्मां का आंचलष् निबंध प्रतियोगिता में लाजू अव्वल

*गरीब बच्चों के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप की अनोखी पहल*

प्रतापगढ़। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क फ्री स्टडी सेंटर पर चल रहे फन समर कैंप के तीसरे दिन शुक्रवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बाजी मारी। छात्र फिसड्डी निकले। मां का आंचलष् शीर्षक पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लाजू विश्वकर्मा ने पहला, प्रिया ने दूसरा और सिमरन प्रजापति ने तीसरा स्थान हासिल किया। सेंटर की टीचर दामिनी ने तीनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार भी है। जो कैंप के अंतिम दिन दिया जायेगा। प्रतियोगिता दस नंबर की थी। जिसमें लाजू ने सर्वाध िक आठ अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रिया को छः और सिमरन को पांच अंक मिले हैं। कैम्प जरूरतमंद छात्रों के लिए ही चलाया जा रहा है। जिसमें उनको अपना हुनर दिखाने का मौका दिया जा रहा है। जो जिस विधा में जीतेंगे उन्हें आगे भी बड़े मंचों पर मौका मिल सकेगा। कैम्प में बच्चे बढ़ चढ़कर कर हिस्सा ले रहे हैं। संचालन हिमांशु ने किया।

## संक्षिप्त

### पाकिस्तान ने चीन की मदद से बहुद्देश्यीय संचार उपग्रह प्रक्षेपित किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को अपने मित्र देश चीन की मदद से तीव्र इंटरनेट संपर्क के लिए एक बहुद्देश्यीय संचार उपग्रह प्रक्षेपित किया। पाकिस्तान द्वारा एक महीने में प्रक्षेपित किया गया यह दूसरा उपग्रह है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, बहुद्देश्यीय संचार उपग्रह को पाकसैट एमएम1 के नाम से भी जाना जाता है। इसे चीन के दक्षिण–पश्चिमी प्रांत सिचुआन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। एजेंसी ने बताया कि उपग्रह योजना के तहत कक्षा में स्थापित किया गया। सरकारी प्रसारक पाकिस्तान टेलीविजन ने एक बयान में कहा कि यह उपग्रह ''पूरे पाकिस्तान में सर्वोत्तम इंटरनेट सुविधाएं प्रदान करेगा'' तथा टेलीविजन



प्रसारण, मोबाइल फोन और ब्रॉडबैंड सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा। अंग्रेजी अखबार 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, उपग्रह अगस्त में सेवा प्रदान करना शुरू कर देगा। सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस पाकिस्तान की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कि उन्हें उम्मीद है कि यह उपग्रह पूरे देश में सबसे तेज इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगा। पिछले सप्ताह एक बयान में पाकिस्तान के स्पेस ऐंड अपर एटमोस्फियर रिसर्च कमीशन (सुपार्को)ने कहा था कि उपग्रह का प्रक्षेपण राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम 2047 का हिस्सा है। प्रक्षेपण स्थल पर मौजूद योजना मंत्री अहसान इकबाल ने कहा कि पाकिस्तान जल्द ही अपने प्रक्षेपण केंद्रों से उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा।

### गाजा की जंग में चीन भी कूदा, बुलाया मुस्लिम देशों का सम्मेलन

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना का आह्वान दोहराया और गाजा में लोगों के लिए अधिक मानवीय सहायता का वादा किया, क्योंकि उन्होंने गुरुवार को बीजिंग में अरब देशों के नेताओं के साथ एक शिखर सम्मेलन खोला। चीन ने लंबे समय से फिलिस्तीनियों का समर्थन किया है और कब्जे वाले क्षेत्रों में बस्तियों को लेकर इजरायल की निंदा की है और इजरायल के साथ आर्थिक संबंध साझा करने के बावजूद, हमास द्वारा 7 अक्टूबर के हमले की आलोचना नहीं की है। शी ने चीन–अरब राज्य सहयोग मंच का उद्घाटन करते हुए एक भाषण में कहा कि पिछले अक्टूबर से, फिलिस्तीनी–इजरायल संघर्ष काफी बढ़ गया है, जिससे लोगों को भारी पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है।

# पूरी तरह से पलट जाएगा अमेरिका का चुनाव, दोषी पाए गए ट्रंप मुकाबले से बाहर हो जाएंगे ? फिर से बाइडेन सरकार चलाएंगे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। हश मनी मामले में डोनाल्ड ट्रंप दोषी करार दिए गए हैं। ट्रंप सभी 34 मामलों में दोषी करार हुए हैं। 11 जुलाई को अब सजा पर सुनवाई होगी। डोनाल्ड ट्रंप दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। डेनिल्स को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए दिए गए। डेनिल्स को चुप कराने और बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी का मामला था। ट्रंप के खिलाफ ये मामला 2016 में राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। कोर्ट ने 6 हफ्ते में स्टॉर्मी डेनिल्स के साथ 22 गवाहों को सुना। 12 मेंबर की ज्यूरी ने ट्रंप को दोषी करार दिया है। सजा पर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने फैसले को अपमानजनक बताया है।



ट्रंप पर लगे कौन कौन से आरोप

बिनजेन रिकॉर्ड दिखाने

गलत चेक साइन करने

वकील कोहेन की कंपनी में जमा गलत बिल से जुड़े

गलत दस्तावेज जमा करने के लिए

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी का क्या होगा

ट्रंप के ऊपर फैसला आने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप क्या अब राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने रहेंगे? अमेरिकी संविधान के हिसाब से देखें तो अभी फिलहाल डोनाल्ड ट्रंप के लिए कोई दिक्कत नहीं है। अमेरिकी संविधान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए केवल तीन योग्यताएं निर्धारित करता हैरू उनकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए, प्राकृतिक रूप से जन्मा नागरिक होना चाहिए और कम से कम 14 वर्षों से अमेरिका में रहना चाहिए। न तो कोई आपराधिक दोषसिद्धि और न ही जेल की सज़ा ट्रम्प को अपने अभियान को आगे बढ़ाने से अयोग्य ठहराएगी। भले ही ट्रंप जेल चले जाएं, जिसकी संभावना कम है, क्योंकि उन्हें एक अहिंसक अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है, वह पहली बार अपराधी हैं और बुजुर्ग हैं, फिर भी वह चुनाव प्रचार कर सकेंगे और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकेंगे।

फैसले पर ट्रंप का आया रिएक्शन

ट्रंप ने उनके खिलाफ फैसला सुनाए जाते ही कहा कि यह शर्मनाक है। यह एक विवादित न्यायाधीश द्वारा की गई दोषपूर्ण, भ्रष्ट सुनवाई थी। उन्होंने कहा कि असली फैसला पांच नवंबर को लोग सुनाएंगे। वे जानते हैं कि यहां क्या हुआ और हर कोई जानता है कि यहां क्या हुआ। उन्होंने कहा कि मैं निर्दोष हूं। मैं अपने देश के लिए लड़ रहा हूं। मैं अपने संविधान के लिए लड़ रहा हूं। हमारे पूरे देश में इस समय धांधली हो रही है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह शर्मनाक हैं और इसके खिलाफ हम लड़ते रहेंगे। हम अंत तक लड़ेंगे और हम जीतेंगे क्योंकि हमारा देश नरक में चला गया है।

2016 का मामला

ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पॉर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पॉर्न स्टार को इसका भुगतान किया।

कैंपेन पर पड़ेगा निगेटिव इम्पैक्ट

इसका प्रभाव पड़ेगा और एक उम्मीदवार के रूप में उन्हें नुकसान हो सकता है। युवा मतदाता और कॉलेज–छात्र हैं और उपनगरों में रहते हैं, वे ट्रम्प के आचरण और शासन करने के उनके दृष्टिकोण के बारे में चिंतित हैं। दोषी सिद्धि वाला फैसला उन चिंताओं को और बढ़ाने वाला है। अप्रैल में किए गए एक रॉयटर्स/इप्सोस सर्वेक्षण से पता चला कि दोषी पाए जाने पर चार में से एक रिपब्लिकन ट्रम्प को वोट नहीं देगा, जबकि 60 प्रतिशत इंडिपेंडेट लोगों ने कहा कि दोषी ठहराए जाने पर उनका वोट उनके खिलाफ हो जाएगा।

# समय से पहले ही संसद भंग कर इजरायल में हो जाएगा चुनाव ?

इजरायल ने अमेरिका की अपील के बावजूद राफा में ऑपरेशन शुरू किया। नतीजतन, अमेरिका ने इजरायल के कुछ हथियारों की शिपमेंट रोक दी। लेकिन फिर भी इजरायल का स्टैंड जस का तस रहा। नेतन्याहू ने हमले में कोई कमी नहीं रखी और अपना आक्रमक रवैया हमास के प्रति जारी रखा। लेकिन अब इजरायल की सियासत में एक नया ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। इजरायल में समय से पहले चुनाव कराने की मांग उठने लगी है। इजरायली मध्यमार्गी पार्टी ने संसद को भंग करने के लिए प्रस्ताव रख दिया है। ऐसे में कहा जा रहा है कि क्या हमास ने इजरायल की सियासत में फूट करा दी है। इजरायली युद्ध कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज़ की सेंट्रिस्ट पार्टी कहा कि उन्होंने संसद को भंग करने और शीघ्र चुनाव कराने के लिए एक विधेयक प्रस्तुत किया है। नेशनल यूनियन पार्टी की प्रमुख पनीना तमानो–शता ने 25वें नेसेट को भंग करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। राजनीतिक दल ने एक बयान में कहा कि नरसंहार के एक साल बाद, अक्टूबर से पहले चुनाव के लिए व्यापक समझौते पर आगे बढ़ने के पार्टी नेता मंत्री बेनी गैंट्ज़ के अनुरोध का पालन करता है।



### अगले सप्ताह चीन की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री शरीफ, CPEC के दूसरे चरण को शुरू करने पर होगी चर्चा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की आर्थिक हालात किसी से छिपे हुए नहीं है। यहां महंगाई ने सभी सीमाएं तोड़ दी हैं। इस बीच, इस्लामाबाद एक बार फिर अपने दोस्त बीजिंग के साथ नजदीकियां बढ़ाने लगा है। दरअसल, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले सप्ताह चीन की यात्रा पर जाएंगे। विदेश कार्यालय ने शुक्रवार को एलान किया की शरीफ मंगलवार को चीन की यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा पांच दिवसीय होने वाली है। बता दें, दोनों देश अरबों डॉलर के चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत सहयोग को उन्नत करना चाहते हैं। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने बताया कि शरीफ चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन में रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी आगामी चीन यात्रा को लेकर शुक्रवार को इस्लामाबाद में एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने चीनी कंपनियों को पाकिस्तान में उद्योग स्थापित करने को प्रोत्साहित करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही आश्वासन दिया गया कि पाकिस्तान चीनी उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सुविधाएं प्रदान करेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री को चीन की यात्रा की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान चीनी शहर शेनझेन की यात्रा के दौरान पाकिस्तान के उद्योगपतियों, निवेशकों और उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी उनके साथ होगा।प्रतिनिधिमंडल चीनी व्यापार समुदाय से मुलाकात करेगा और दोनों देशों के बीच व्यापार–से–व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा।

### भारत के गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के साथी को अमेरिका में हिरासत में लिया गया, रंगदारी के मामलों में है वांछित

वॉशिंगटन। भारत के भगोड़े गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के एक सहयोगी साहिल कुमार को अमेरिका की एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। एजेंसी द्वारा हिरासत में लिए गए अपराधी की भारत वापसी के लिए कोई कदम उठाने से पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बात का भी पता चला है कि हिमांशु भाऊ के साथ साहिल कुमार नाम का शख्स विदेश से रंगदारी का काम करता था। साहिल कुमार को कई मामलों में हरियाणा पुलिस ने वांछित करार दिया है।

सीबीआई को सौंपी जाएगी जांच

अधिकारियों ने आगे बताया कि साहिल कुमार की पहचान करने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामले की जांच सौंप दी जाएगी। इस मामले में सीबीआई द्वारा वांछित अपराधी साहिल कुमार को भारत लाने के लिए अमेरिका की एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। अमेरिका की एक अदालत के फैसले के बाद हिरासत में लिए गए वांछित अपराधी को भारत लाया जाएगा।


साहिल के खिलाफ इंटरपोल ने जारी है रेड कॉर्नर नोटिस

साहिल कुमार के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया हुआ है। रेड कॉर्नर नोटिस के अनुसार 196 सदस्य देशों में अगर कहीं भी वांछित अपराधी को देखा जाता है, तो उसे हिरासत में लिया जाता है। इसके बाद उस देश को इसकी जानकारी दी जाती है, जिसने रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की थी।

**प्रतापगढ़ ब्यूरो**
**शरद कुमार श्रीवास्तव**
**7/31, अचलपुर, प्रतापगढ़**


**संस्थापक**
**स्व.कन्हैया लाल**
**स्व.श्रीमती साधना**
**प्रबन्ध सम्पादक**
**अरविन्द पाण्डेय**
**विधि सलाहकार**
**कल्पना श्रीवास्तव**


**शहर समता**
स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक उमेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कम्पीटेन्ट बिजनेस सर्विसेज, विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित कराकर 289/238ए,कर्नलगंज इलाहाबाद से प्रकाशित
**सम्पादक**
उमेश चन्द्र श्रीवास्तव
मो.नं.9005239332
**आर.एन.आई.नं.**
यूपीएचआईएन/2004/22466
Email : shaharsamta@gmail.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।





प्रसिद्ध पत्रकार,कवि और साहित्यकार त्तथा शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव का काव्य संग्रह ष्प्रकृतिष लोकरंजन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है और अमेजन पर उपलब्ध है।








चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित उपन्यास गुनई अमेजन पर उपलब्ध हो गया है। पुस्तक




समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना। पुस्तक अमेजन पर उपलब्ध है।




ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)